# बिहार लोक सेवा आयोग

15, जवाहरलाल नेहरु मार्ग (बेली रोड), पटना–800001

संगम

29/12/15

## आवश्यक सूचना

## 56वीं से 59वीं सम्मिलित संयुक्त (मुख्य) प्रतियोगिता परीक्षा

56वीं से 59वीं सम्मिलित संयुक्त (प्रारम्भिक) प्रतियोगिता परीक्षा हेतु पूर्व प्रकाशित विज्ञापन के आलोक में दिनांक 15.03.2015 को सम्पन्न (प्रारंभिक) परीक्षा में सफल घोषित उम्मीदवारों से ऑनलाईन आवेदन पत्र (Online Application) आमंत्रित किये जाते हैं।

2. दिनांक 12.01.2016 से ऑनलाइन आवेदन भरने की प्रक्रिया प्रारम्भ की जायेगी। ऑनलाइन पंजीकरण एवं बैंक चालान डाउनलोड करने की अंतिम तिथि 08.02.2016 होगी। बैंक में चालान जमा करने की अंतिम तिथि 15.02.2016 को बैंकिंग आवर तक होगी। ऑनलाइन आवेदन भरने की अंतिम तिथि 23.02.2016 होगी। आवेदन पत्र की हार्ड कॉपी सभी अनुलग्नकों के साथ स्पीड पोस्ट/निबंधित डाक से इस प्रकार भेजेंगे कि वह आयोग कार्यालय में दिनांक 03.03.2016 को संध्या 5:00 बजे तक प्राप्त हो जाए।

3. इन्टरनेट या पोस्टल या बैंकिंग व्यवधान के लिए आयोग उत्तरदायी नहीं होगा। अतः अभ्यर्थी अंतिम तिथियों का इंतजार नहीं करेंगे एवं उसके पूर्व सभी प्रक्रिया पूरी कर लेंगे।

4. (i) **विहित आवेदन पत्र की हस्ताक्षरित (स्वअभिप्रमाणित) हार्ड कॉपी के साथ निम्नलिखित प्रमाण पत्रों की स्वअभिप्रमाणित प्रतियां अनुलग्नक के रूप में अनिवार्यतः क्रमवार संलग्न करेंगे:–**

1) मैट्रिक का प्रमाण पत्र (जन्म तिथि के लिए);
2) स्नातक एवं समकक्ष डिग्री का प्रमाण पत्र;
3) अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवारों के लिये जाति प्रमाण पत्र तथा स्थायी निवास प्रमाण पत्र एवं अत्यन्त पिछड़ा वर्ग/पिछड़ा वर्ग के उम्मीदवारों के लिए क्रीमिलेयर रहित प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र एवं स्थायी निवास प्रमाण पत्र;
4) निशक्त उम्मीदवारों के द्वारा चिकित्सा पर्षद द्वारा निर्गत निशक्तता प्रमाण पत्र;
5) बैंक में जमा चालान की मूल BPSC प्रति।

(ii) जिस लिफाफा में आवेदन पत्र भेजेंगे, उस लिफाफा के ऊपर पता पर्ची (Address Slip) प्रेषक का पर्ची (Slip) चिपका कर सभी अनुलग्नकों के साथ भेजना सुनिश्चित करेंगे।

5. उपर्युक्त विज्ञापन के संबंध में विस्तृत निर्देश/ऑनलाइन आवेदन प्रपत्र आयोग के वेबसाईट http://bpsc.bih.nic.in पर उपलब्ध है।

1) हिन्दुस्तान - बिहार संस्करण
2) दैनिक जागरण - बिहार संस्करण
3) प्रभात खबर - बिहार संस्करण

संयुक्त सचिव–सह–परीक्षा नियंत्रक,
बिहार लोक सेवा आयोग, पटना

टाईम्स ऑफ इंडिया - पटना एवं दिल्ली संस्करण
संगम - पटना संस्करण

# बिहार लोक सेवा आयोग

15, जवाहर लाल नेहरू मार्ग (बेली रोड), पटना – 800001

## 56वीं से 59वीं सम्मिलित संयुक्त (मुख्य) प्रतियोगिता परीक्षा

56वीं से 59वीं सम्मिलित संयुक्त (प्रारम्भिक) प्रतियोगिता परीक्षा हेतु पूर्व प्रकाशित विज्ञापन के आलोक में दिनांक 15.03.2015 को सम्पन्न (प्रारंभिक) परीक्षा में सफल घोषित उम्मीदवारों, से ऑनलाईन आवेदन पत्र (Online Application) आमंत्रित किये जाते हैं। ऑनलाईन आवेदन भरने हेतु प्रपत्र आयोग के वेबसाईट http://bpsc.bih.nic.in पर उपलब्ध है।

**मुख्य (लिखित) परीक्षा के आयोजन की अवधि के सम्बन्ध में अलग से सूचना दी जायेगी।**

लिखित परीक्षा चार विषयों की होगी, जिसमें दो अनिवार्य विषय क्रमशः सामान्य हिन्दी – 100 अंक – तथा सामान्य अध्ययन (दो पत्र), प्रत्येक पत्र 200 अंकों के, होंगे। इसके अतिरिक्त निम्नांकित वैकल्पिक विषयों में से किन्हीं दो विषयों को ऐच्छिक विषय के रूप में रखना अनिवार्य है। प्रत्येक वैकल्पिक विषय के दो पत्र होंगे, जिसके लिए प्रति पत्र 200 अंक निर्धारित हैं।

(क) अनिवार्य विषय एवं उनके कोडः–

1. सामान्य हिन्दी (01)
2. सामान्य अध्ययन (02)

(ख) ऐच्छिक विषय की सूची एवं उनके कोडः–

| क्रम संख्या | विषय | विषय कोड |
|---|---|---|
| 1. | कृषि विज्ञान | 04 |
| 2. | पशुपालन तथा पशु चिकित्सा विज्ञान | 05 |
| 3. | मानव विज्ञान | 06 |
| 4. | वनस्पति विज्ञान | 07 |
| 5. | रसायन विज्ञान | 08 |
| 6. | सिविल इंजीनियरिंग | 09 |
| 7. | वाणिज्यिक शास्त्र तथा लेखा विधि | 10 |
| 8. | अर्थशास्त्र | 11 |
| 9. | विद्युत इंजीनियरिंग | 12 |
| 10. | भूगोल | 13 |
| 11. | भू–विज्ञान | 14 |
| 12. | इतिहास | 15 |
| 13. | श्रम एवं समाज कल्याण | 16 |
| 14. | विधि | 17 |
| 15. | प्रबन्ध | 18 |
| 16. | गणित | 19 |
| 17. | यांत्रिक इंजीनियरिंग | 20 |
| 18. | दर्शन शास्त्र | 21 |
| 19. | भौतिकी | 22 |
| 20. | राजनीति विज्ञान तथा अन्तर्राष्ट्रीय संबंध | 23 |
| 21. | मनोविज्ञान | 24 |
| 22. | लोक प्रशासन | 25 |
| 23. | समाज शास्त्र | 26 |
| 24. | सांख्यिकी | 27 |
| 25. | प्राणी विज्ञान | 28 |
| 26. | हिन्दी भाषा और साहित्य | 29 |
| 27. | अंग्रेजी भाषा और साहित्य | 30 |
| 28. | उर्दू भाषा और साहित्य | 31 |
| 29. | बंगला भाषा और साहित्य | 32 |
| 30. | संस्कृत भाषा और साहित्य | 33 |
| 31. | फारसी भाषा और साहित्य | 34 |
| 32. | अरबी भाषा और साहित्य | 35 |
| 33. | पाली भाषा और साहित्य | 36 |
| 34. | मैथिली भाषा और साहित्य | 37 |

टिप्पणी :–

1. उम्मीदवार निम्नलिखित वैकल्पिक विषय एक साथ नहीं रख सकते हैं:–
   (क) राजनीति विज्ञान तथा अन्तर्राष्ट्रीय संबंध (23) तथा लोक प्रशासन (25)
   (ख) वाणिज्यिक शास्त्र एवं लेखा विधि (10) तथा प्रबन्ध (18)
   (ग) मानव विज्ञान (06) तथा समाज शास्त्र (26)
   (घ) गणित (19) तथा सांख्यिकी (27)
   (ङ) कृषि विज्ञान (04) तथा पशुपालन एवं पशु चिकित्सा विज्ञान (05)
   (च) प्रबन्ध (18) तथा लोक प्रशासन (25)
   (छ) इंजीनियरिंग विषयों जैसे – सिविल इंजीनियरिंग (09), विद्युत इंजीनियरिंग (12) एवं यांत्रिक इंजीनियरिंग (20) में एक से अधिक विषय नहीं।
2. भाषा विषयों यथा – हिन्दी, अंग्रेजी, उर्दू, बंगला, संस्कृत, फारसी, अरबी, पाली एवं मैथिली में से मात्र किसी एक भाषा को रख सकते हैं।
3. प्रत्येक प्रश्न पत्र तीन घंटे की अवधि का होगा।
4. सभी भाषेतर विषयों के उत्तर हिन्दी (देवनागरी) या अंग्रेजी या उर्दू लिपि में, से किसी एक भाषा में दिये जा सकते हैं, किसी अन्य भाषा में उत्तर देने की छूट उम्मीदवारों को नहीं होगी।
5. प्रश्न पत्रों के उत्तर देने का विकल्प लेने वाले उम्मीदवार यदि चाहें तो केवल तकनीकी शब्द, वाक्यांश/उद्धृत अंश, यदि कोई है, का, चुनी गई भाषा के साथ, अंग्रेजी रूपान्तरण दे सकते हैं।

   सामान्य हिन्दी में अर्हतांक 30 है, जो अनिवार्य है किन्तु मेधा सूची के प्रयोजनार्थ उसकी गणना नहीं की जायेगी। शेष तीन विषयों में समेकित रूप से सामान्य श्रेणी के लिए चालीस प्रतिशत (40%), पिछड़ा वर्ग के लिए साढ़े छत्तीस प्रतिशत (36.5%), अत्यन्त पिछड़ा वर्ग के लिए चौंतीस प्रतिशत (34%) तथा अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, महिला एवम् विकलांग उम्मीदवारों के लिए बत्तीस प्रतिशत (32%) अंक प्राप्त करना अनिवार्य होगा, जैसा कार्मिक एवं प्रशासनिक सुधार विभाग, बिहार के संकल्प ज्ञापांक 2374 दिनांक 16.07.2007 एवम् पत्रांक 6706 दिनांक 01.10.2008 द्वारा विहित है। इससे कम अंक प्राप्त करने वाले उम्मीदवार प्रतियोगिता से बाहर हो जाएंगे।
6. रिक्तियाँ : कुल रिक्तियों की संख्या 737 है जिसका विस्तृत विवरण सम्मिलित संयुक्त (प्रारम्भिक) प्रतियोगिता परीक्षा के लिए आवेदन पत्र आमंत्रण हेतु प्रकाशित विज्ञापन एवं उसके बाद प्रकाशित शुद्धि पत्र द्वारा दिया गया है।
7. मेधा सूची : लिखित परीक्षा में सफल उम्मीदवारों का साक्षात्कार होगा, जिसके लिए 150 अंक निर्धारित हैं। लिखित परीक्षा एवं साक्षात्कार में प्राप्त अंकों के योग के आधार पर मेधा सूची बनायी जायगी, और अंतिम परीक्षाफल घोषित किया जायगा।

   उपर्युक्त राज्य सेवा/संवर्गवार एवं आरक्षण कोटिवार उपर्युक्त सम्मिलित संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा की समेकित, एकीकृत रिक्तियों को भरने के निमित्त, सम्मिलित संयुक्त (मुख्य) प्रतियोगिता परीक्षा के सफल अभ्यर्थियों की विहित, किन्तु समेकित, एकीकृत मेधासूची प्रकाशित की जायगी; तथा उनकी अन्तर्वीक्षा पश्चात् अन्तिम परीक्षाफल भी समेकित, एकीकृत किन्तु सेवा/संवर्गवार एवं आरक्षण कोटिवार मेधाक्रम में ही निर्गत/प्रकाशित किया जायगा।

## मुख्य परीक्षा हेतु आवश्यक निदेश

1. आरक्षणः

(i) आवेदन पत्र में, नियत क्रमांक के अधीन इंगित आरक्षण का दावा नहीं करने पर आरक्षण का लाभ नहीं मिलेगा। आरक्षण की सुविधा उन्हीं उम्मीदवारों को मिलेगी, जिनका स्थायी निवास बिहार राज्य में हैं अर्थात् जो बिहार के मूलवासी हैं। बिहार राज्य के बाहर के निवासी अभ्यर्थी को आरक्षण का लाभ देय नहीं होगा। इसके लिए स्थायी निवास पत्र आवेदन पत्र के साथ जमा करना होगा।

(ii) सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार के परिपत्र सं॰ 673, दिनांक 08.03.2011 के आलोक में आरक्षित कोटि के उम्मीदवार यथा; अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवार को निम्नांकित प्रमाण पत्र जमा करना अनिवार्य होगाः–

(a) जाति प्रमाण पत्र

(b) स्थायी निवास प्रमाण पत्र।

पिछड़ी जाति एवं अत्यंत पिछडी जाति के उम्मीदवारों को निम्नांकित प्रमाण पत्र जमा करना अनिवार्य होगा :–

(a) जाति प्रमाण पत्र,

(b) स्थायी निवास प्रमाण पत्र

(c) क्रीमीलेयर रहित प्रमाण पत्र

पिछड़ा वर्ग एवं अत्यन्त पिछड़ा वर्ग की दशा में, अपने स्थायी अधिवास अंचल के राज्य सरकार द्वारा अधिसूचित अंचलाधिकारी द्वारा निर्गत क्रीमिलेयर रहित प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र एवं स्थायी निवास प्रमाण पत्र एवं अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति की दशा में, अपने स्थायी अधिवास अंचल के राज्य सरकार द्वारा अधिसूचित अंचलाधिकारी द्वारा निर्गत स्थायी निवास प्रमाण पत्र एवं जाति प्रमाण पत्र मान्य होगा। **विहित मूल आरक्षण प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने के लिए उम्मीदवार के साक्षात्कार की तिथि अंतिम तिथि होगी; उक्त तिथि के पश्चात् प्रस्तुत किया गया जाति प्रमाण पत्र, स्थायी निवास प्रमाण पत्र एवं नन–क्रीमीलेयर प्रमाण पत्र अमान्य होगा, और संबंधित उम्मीदवार सामान्य (अनारक्षित) कोटि में अंकित किये जायेंगे।**

(iii) विकलांगता की स्थिति में सक्षम प्राधिकारी द्वारा विहित प्रपत्र में निर्गत निःशक्तता (विकलांगता) प्रमाण पत्र की प्रति संलग्न करना आवश्यक है, अन्यथा उनको विकलांगता के आधार पर आरक्षण का लाभ देय नहीं होगा।

(iv) सामान्य प्रशासन विभाग के ज्ञापांक 16144 दिनांक 28.11.12 के आलोक में नियुक्ति/प्रोन्नति/नामांकन की जारी प्रक्रिया के बीच आरक्षण कोटि में सुधार/बदलाव नहीं किया जा सकता है।

2. शुल्कः

केवल बिहार राज्य के अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवारों को 200/– (दो सौ) रूपये + बैंक चार्ज 50/– (पचास) रूपये; कुल 250/– (दो सौ पचास) रूपये तथा बिहार राज्य के अन्य कोटि के उम्मीदवारों सहित अन्य सभी राज्यों के सभी कोटि के उम्मीदवारों के लिए 750/– (सात सौ पचास) रूपये + बैंक चार्ज 50/– (पचास) रूपये; कुल 800/– (आठ सौ) रूपये चालान के माध्यम से आयोग के खाता संख्या 31650243410 में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की किसी भी शाखा में जमा करना होगा। अभ्यर्थी विशेष का चालान ऑनलाइन आवेदन में लॉगइन (Log in) के बाद उपलब्ध होगा, जिसे अभ्यर्थी डाउनलोड करेंगे एवं शुल्क जमा करेंगे। **उम्मीदवार चालान की एक प्रति (BPSC's Copy) आवेदन पत्र के साथ निश्चित रूप से संलग्न करेंगे तथा तीसरी प्रति (Depositor's Copy) अपने पास सुरक्षित रखेंगे।**

3. **ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने के दिशा निर्देशः**

(i) दिनांक 12.01.2016 से ऑनलाइन आवेदन भरने की प्रक्रिया प्रारम्भ की जायेगी। ऑनलाइन बैंक चालान डाउनलोड करने की अंतिम तिथि 08.02.2016 होगी। बैंक में

चालान जमा करने की अंतिम तिथि 15.02.2016 को बैंकिंग आवर तक होगी। ऑनलाइन आवेदन भरने की अंतिम तिथि 23.02.2016 होगी।

(ii) ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने के लिए आयोग के वेबसाईट http://bpsc.bih.nic.in पर आवश्यक दिशा निदेश उपलब्ध है। अभ्यर्थी आवेदन पत्र भरने के पूर्व उक्त दिशा निदेशों का भली भाँति अध्ययन कर लेंगे तथा आवेदन पत्र भरने के क्रम में सभी सूचनाएँ सही–सही अंकित करेंगे। आवेदन पत्र में भरी गयी सूचनाओं को मूल प्रमाण पत्र/अंक पत्रों से मिलान करने के क्रम में किसी भी प्रकार की त्रुटि पाये जाने पर उनकी उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी।

(iii) अभ्यर्थी ऑनलाइन से भरे गए A4 Size के पेपर पर आवेदन पत्र को प्रिन्ट कर सभी प्रमाण–पत्र/अंक पत्रों की स्वअभिप्रमाणित प्रति एवं बैंक चालान की प्रति संलग्न कर स्पीड पोस्ट/निबंधित डाक से इस प्रकार भेजेंगे कि वह आयोग कार्यालय में [illegible].03.2016 को संध्या 5:00 बजे तक प्राप्त हो जाए। आवेदन पत्र की हार्ड कॉपी सभी अनुलग्नक के साथ निर्धारित अंतिम तिथि तक प्राप्त नहीं होने पर उनकी उम्मीदवारी रद्द कर दी जायेगी।

**4. लिफाफा एवं प्रमाण पत्र:**

(i) **विहित आवेदन पत्र की हस्ताक्षरित (स्वअभिप्रमाणित) हार्ड कॉपी के साथ निम्नलिखित प्रमाण पत्रों की स्वअभिप्रमाणित प्रतियां अनुलग्नक के रूप में अनिवार्यतः क्रमवार संलग्न करेंगे:–**

1) मैट्रिक का मूल प्रमाण पत्र/अंक पत्र (जन्म तिथि के लिए);
2) स्नातक एवं समकक्ष डिग्री का प्रमाण पत्र;
3) अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवारों के लिये जाति प्रमाण पत्र तथा स्थायी निवास प्रमाण पत्र एवं अत्यन्त पिछड़ा वर्ग/पिछड़ा वर्ग के उम्मीदवारों के लिए क्रीमिलेयर रहित प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र एवं स्थायी निवास प्रमाण पत्र;
4) निशक्त उम्मीदवारों के लिए चिकित्सा पर्षद द्वारा निर्गत निशक्तता प्रमाण पत्र;
4) बैंक में जमा चालान की मूल BPSC प्रति।

(ii) जिस लिफाफा में आवेदन पत्र भेजेंगे, उस लिफाफा के ऊपर पता पर्ची (Address Slip) प्रेषक का पर्ची (Slip) चिपका कर सभी अनुलग्नकों के साथ भेजना सुनिश्चित करेंगे।

23/12/15

संयुक्त सचिव–सह–परीक्षा नियंत्रक
बिहार लोक सेवा आयोग, पटना

# बिहार लोक सेवा आयोग, पटना

## 56वीं से 59वीं सम्मिलित संयुक्त (मुख्य) प्रतियोगिता परीक्षा का ऑनलाइन आवेदन भरने हेतु आवश्यक निर्देश :

### ऑनलाइन आवेदन कैसे करें :–

1. ऑनलाइन आवेदन करने से पहले आवदेक यह सुनिश्चित कर लें, कि उनके पास कार्यरत E-mail ID तथा उनके द्वारा 56वीं से 59वीं सम्मिलित संयुक्त (प्रारम्भिक) प्रतियोगिता परीक्षा के आवदेन (OMR Application Form) में दिये गये Mobile No. कार्यरत है।

   साथ ही आवदेक ऑनलाइन आवेदन भरते समय, 56वीं से 59वीं सम्मिलित संयुक्त (प्रारम्भिक) प्रतियोगिता परीक्षा का प्रवेश पत्र (Admit Card), अपने समक्ष निश्चित रूप से रखें।
2. आवेदक सर्वप्रथम BPSC के वेबसाईट www.bpsc.bih.nic.in खोलें, इसमें बाँयी तरफ दिये गए टैब "Apply Online" पर क्लिक करें। क्लिक करने के बाद नया पेज खुलेगा, इस पेज पर दिये गये टैब "B.P.S.C. Online Application" पर क्लिक करें।
3. "B.P.S.C. Online Application" पर क्लिक करने के बाद ऑनलाइन से संबंधित पेज खुल जाएगा इस पेज पर दो टैब "Online Registration" एवं "Apply Online" दिखेंगे।
4. आवेदक "Apply Online" के टैब पर क्लिक करेंगे। क्लिक करने के उपरान्त एक नया पेज आयेगा, जिसमें बाँयी तरफ के "New User" टैब में आवेदक अपना 56वीं से 59वीं संयुक्त (प्रारम्भिक) परीक्षा (PT) का रौल नम्बर एवं जन्म तिथि भरेंगे एवं "Get OTP" के बटन पर क्लिक करेंगे। क्लिक करने के बाद आवदेक के मोबाईल नम्बर पर एक OTP आयेगा। (नोट :– यह वही मोबाईल नम्बर है जो आवेदक द्वारा प्रारम्भिक परीक्षा हेतु आवदेन (OMR Application Form) पर भरा गया है।) आवदेक के मोबाईल पर प्राप्त OTP को नीचे खुले OTP बॉक्स के खाली स्थान में भरेंगे एवं "Retrieve Login Credentials" के बटन पर क्लिक करेंगे।
5. "Retrieve Login Credentials" के बटन पर क्लिक करने के उपरान्त आवेदक को उनके मोबाईल नम्बर पर User ID एवं Password प्राप्त होगा।
6. आवदेक दाँयी तरफ "Existing User" के टैब में उनको प्राप्त User ID और Password तथा Captcha कोड को भरेंगे एवं "Login" के बटन पर क्लिक करेंगें।
7. "Login" बटन पर क्लिक करने के उपरान्त डैश बोर्ड खुलेगा जिसमें आवेदक प्रारम्भिक परीक्षा हेतु भरे गये OMR Form में अपने द्वारा दी गयी जानकारी देख सकेंगे। आवेदक डैश बोर्ड पर नीचे बाँयी तरफ "Click for Download Challan" के बटन पर क्लिक करेंगे एवं अपना चालान प्राप्त करेंगे। उक्त चालान का प्रिन्ट लेकर निर्धारित शुल्क स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के किसी भी शाखा में जमा करेंगें।
8. निर्धारित परीक्षा शुल्क जमा करने के उपरान्त पुनः आवेदक "Existing User" के टैब पर अपने Login ID एवं Password तथा Captcha कोड से Login करेंगे एवं डैश बोर्ड पर सबसे नीचे "Update Challan Details" में बने विभिन्न बॉक्स में चालान से संबंधित सभी जानकारी भरकर "Submit" बटन पर क्लिक करेंगे।

   **नोट :– Challan details के बॉक्स में आवेदक निम्न प्रकार से भरेंगे :–**

- Select Exam Type – Main
- Journal No. – चालान के माध्यम से शुल्क जमा के उपरान्त बैंक द्वारा चालान की प्रति पर दिया गया नम्बर।

- Challan Deposit date – आवेदक द्वारा बैंक में चालान के माध्यम से जमा की गई शुल्क की तारीख।
- Branch Code – जिस ब्रांच में आवेदक द्वारा चालान जमा किया गया है, उसका ब्रांच कोड।
- Challan Amount – जो Amount आवेदक के चालान पर प्रिन्ट है बैंक शुल्क के साथ लिखें।

आवेदक उक्त चालान की विवरणी सही–सही अंकित करेंगे।

9. चालान की विवरणी भरने एवं Submit करने के उपरान्त आवेदक 48 घंटे (दो कार्य दिवस) के बाद पुनः "Existing User" के टैब में login कर "Click for Application Form" के बटन पर क्लिक करेंगे जिसके बाद आवेदन पत्र खुल जाएगा।
10. आवेदन पत्र में कतिपय बॉक्स पूर्व से भरें होंगे जो आवेदक द्वारा PT OMR Form में दी गई जानकारी से लिया गया है। शेष खाली बॉक्स आवेदक स्वयं भरेंगे। खाली बॉक्स को भरने के पूर्व आवेदक विज्ञापन को पूरी तरह से पढ़ लें एवं उसमें दिये गये निदेश के अनुरूप ही आवेदन भरेंगे।
11. ऑनलाइन आवेदन के अंत में आवेदक हिन्दी एवं अंग्रेजी में हस्ताक्षर वर्णित स्थान पर अपलोड करेंगे। आवेदक का फोटोग्राफ पूर्व से ही आवेदन में होगा, जिसे PT OMR Application Form से लिया गया है।
12. Form को Submit करने के बाद आवेदक के E-mail ID पर मेल जाएगा, जिसमें Application form, Address Slip तथा Form Slip संलग्न होगा। आवेदक इसका प्रिन्ट आउट निकाल कर Application Form पर दिये गए निर्धारित जगह पर अपना हस्ताक्षर कर सभी Documents के साथ BPSC को विज्ञापन में दिये गए निर्धारित समय के अन्दर निम्नलिखित पते पर भेजें :–

| | |
|---|---|
| **संयुक्त सचिव–सह–परीक्षा नियंत्रक, बिहार लोक सेवा आयोग, 15, जवाहर लाल नेहरू मार्ग (बेली रोड), पटना – 800001** | **Joint Secretary-Cum-Examination Controller, Bihar Public Service Commission, 15, Jawaharlal Nehru Marg (Bailey Road), Patna-800001** |

13. लिफाफे के ऊपर Address Slip तथा Form Slip चिपकाना अनिवार्य होगा।
14. किसी भी तरह की कठिनाई होने पर Advertisement देखा जा सकता है तथा दिए गए हेल्प लाइन नम्बर पर संपर्क किया जा सकता है :–

**Email-ID :- bpscpat-bih@nic.in**
**Phone No. – 0612-2215095, 2215795, Mob No. :- +91-7544903018**